राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, सोमवार,18 मार्च, 2024



### विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सुझाव आमंत्रित करने को लेकर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक

# सूबे में 9 करोड़ से ज्यादा लोगों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड : सम्राट

● कहा-सभी 40 लोकसभा क्षेत्रों में होगा मेडिकल कॉलेज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सुझाव आमंत्रित करने के उद्देश्य से चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रसिद्ध चिकित्सक एवं पद्म भूषण से सम्मानित डॉ सी पी ठाकुर एवं प्रकोष्ठ संयोजक डॉ मृणाल झा समेत चिकित्सक समाज के विभिन्न लोग मौजूद रहे। प्रदेश स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि यह बैठक विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में चिकित्सा जगत से जुड़े विभिन्न स्तर के लोग उपस्थित है। उन्होंने लोगों से संकल्प पत्र के लिए सुझाव देने की अपील करते हुए कहा कि आपके द्वारा दिए गए सुझाव से ही भारत श्रेष्ठ और बिहार श्रेष्ठ बनेगा। श्री चौधरी ने बताया कि 2014 से 2019 तक लिए गए संकल्पों में से 99 प्रतिशत पूरे किए गए तो मोदी की गारंटी के तहत 2019 से 2024 के बीच 2019 में लिए गए संकल्पों में से 96 प्रतिशत संकल्प पूरे किए गए। उन्होंने कहा कि बिहार में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है और सरकार इस क्षेत्र के सभी स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक 2.20 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करा दिया गया है। प्रदेश में 9 करोड़ से अधिक लोगों को यह कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि 10 लाख नौकरी के वादे के साथ हमलोग आए हैं। स्पष्ट है कि सात निश्चय पार्ट -दो के तहत 2025 के चुनाव के पहले 10 लाख सरकारी नौकरी के वादे को पूरा कर लिया जाएगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार की गुंजाइश पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोकसभा क्षेत्रों में मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। अभी तक 16 -17 बनाने में हम सफल हुए हैं। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि जब लोगों को सुविधा मिलेगी तभी लोग बिहार आयेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रकोष्ठ संयोजक डॉ मृणाल झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करने में चिकित्सा प्रकोष्ठ तन्मयता से लगा है। उन्होंने बताया कि इस मौके पार प्रसिद्ध चिकित्सक एवं पद्म भूषण से सम्मानित डॉ सी पी ठाकुर को प्रकोष्ठ के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर संगठन महामंत्री भीखु भाई दलसानिया, मंत्री प्रेम कुमार, रेणु देवी, एमएलसी देवेश कुमार, विभिन्न जिला के संयोजक डॉ अनुराग, डॉ संजीव, डॉ श्वेता, डॉ अरविन्द, डॉ अविनाश, डॉ रोहित सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# जल्द होगा सीट बंटवारा, चौंकाने वाला रिजल्ट देगा बिहार : तेजस्वी

● राहुल की रैली में शामिल होने मुंबई रवाना हुए नेता प्रतिपक्ष

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। लोकतंत्र के महापर्व का शंखनाद हो चुका है। सभी राजनीतिक दल चुनावी समर में कुद चुके हैं। इसी बीच पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महागठबंधन में सीटों का बंटवारा से जुड़े सवाला पर कहा है कि सीटों का एलान बहुत जल्द कर दिया जाएगा, सबकुछ तय कर लिया जाएगा। तेजस्वी ने कहा कि देश के अंदर लोकसभा चुनाव को लेकर तारीखों का एलान हो गया है। लोकतंत्र का जो सबसे बडा महापर्व जो है इसकी शुरूआत हो गई है और हम लोग पूरी तरह से विश्वास में है कि हमारी तैयारी पूरी हो चुकी है। बिहार इस बार चौंकाने वाला रिजल्ट देगा। हम यदि कोई बात कहते हैं तो इसके पीछे कोई न कोई कारण जरूर होता है। तेजस्वी ने कहा कि चौंकाने वाला बात हम किस लिए कह रहे हैं क्योंकि वर्तमान में राज्य के अंदर जो लोगों के अंदर समझ है और उनकी परेशानी है वह सिर्फ और सिर्फ हम लोग समझ सकते हैं। मोदी सरकार ने 10 सालों में बिहार के लिए क्या किया ? ना बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिला और ना अन्य तरह की कोई सुविधा। इसलिए इस बार बिहार की जनता उनपर भरोसा क्यों करें ? इसके आगे तेजस्वी ने कहा कि, जब हमारी सरकार थी यानी महागठबंधन के लोगों ने जो आरक्षण का दायरा बढ़ाया था वह हम लोगों का पुराना मांग था। मतलब साफ है कि भाजपा के लोगों ने कोई काम नहीं किया। अब मुख्यमंत्री जी भी कुछ बोल नहीं पा रहे हैं क्योंकि वह भी उसके साथ चले गए हैं। हालांकि नीतीश कुमार अभिभावक है और हम उनकी मजबूरी को समझ रहे हैं। तेजस्वी कहा कि 17 महीना के कार्यकाल में हमारे इतना किसी सरकार में नौकरी मिली हो तो वह मुझे बताएं तो असली मुद्दत जो महंगाई बेरोजगारी है उसे पर तो यह लोग बात नहीं करते हैं। इसके बावजूद अगर वह कह रहे हैं 400 पार कह लें उनका मुंह है वह चाहे तो 500 पर कर ले या हजार पर कर ली क्या फर्क पड़ता है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सुनहरा रहा 17 महीनों का हमारा कार्यकाल

**नेता प्रतिपक्ष ने पेपर लीक मामले को लेकर सरकार पर कसा तंज**

पटना। बीपीएससी शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया है। पेपर लीक मामले में तेजस्वी यादव ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि हमारे 17 महीनों का सुनहरा कार्यकाल जिसमें पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से युवाओं को 4 लाख से अधिक नौकरियां दी गयी, वह बिहार में प्रतियोगी परीक्षाओं का स्वर्णिम काल था। अब नीतीश-भाजपा सरकार ने डेढ़ महीने में ही 17 साल के पुराने कारनामों को दोहराते हुए नकल माफिया को इतना प्रोत्साहन दे दिया कि बीपीएससी शिक्षक भर्ती के तीसरे चरण में प्रतियोगी परीक्षाओं के विश्व इतिहास में प्रथम बार एडमिट कार्ड में ही एंसर की बतायी जा रही है। और तो और पेपर लीक कराने वाले नकल माफिया को बचाने के लिए इनके वरिष्ठ मंत्री प्रशासन पर दबाव बना रहे है। पुलिस को फोन कर रहे मंत्रियों का नाम- बूझों तो जाने ?

# कांग्रेस की न्याय यात्रा को जनता ने नकारा : मंगल

● कहा-कांग्रेस सांसद देशभर में चला रहे नफरत और झूठ का बाजार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने सांसद राहुल गांधी की न्याय यात्रा के समापन पर महाराष्ट्र में हुई महारैली पर कहा कि कांग्रेस सांसद देशभर में नफरत और झूठ का बाजार चलाते हैं। वो चाहे लाख न्याय यात्रा कर लें, मगर देश की बदहाली में उनकी पार्टी और उनकी शासन व्यवस्था का योगदान रहा है। केंद्र की समावेशी विकास वाली सरकार पर आरोप लगाने से पहले उन्हें अपने कारनामों की फाईल खोलनी चाहिए। वो शायद भूल गए कि हाल ही में उजागर हुए देश के सबसे बड़े बैंक घोटाले एबीजी शिपयार्ड स्कैम को लेकर सीबीआई ने दावा किया था कि ये 2005 से 2012 के बीच हुआ। ये देश का सबसे बड़ा बैंक घोटाला है। इस घोटाले में कांग्रेस नीत पूर्ववर्ती यूपीए सरकार घेरे में आ चुकी है। सीबीआई का कहना है कि कंपनी को अधिकांश बैंक लोन का भुगतान इसी अवधि के दौरान हुआ है। श्री पांडेय ने कहा कि पहले यूपीए काल में 2जी घोटाला हुआ था और अब सबसे तेज 5 जी रोल आउट हुआ है। पहले कोलगेट घोटाला हुआ और अब पारदर्शी नीलामी का सिस्टम है। तब महंगाई दो अंकों में थी और अब 5 प्रतिशत से नीचे है। तब विदेशी मुद्रा संकट था। अब अर्थव्यवस्था को कंपनियों और बैंकिंग क्षेत्र के लिए ट्विन बैलेंस शीट लाभ में बदल दिया गया। यूपीए काल में बहुत ज्यादा ऋण देने की वजह से बैंकिंग व्यवस्था बीमार हो गई थी। राहुल चाहे जितनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कर लें। उनको जनता के सामने अपने कारनामों का हिसाब देना चाहिए। राहुल न्याय संकल्प पदयात्रा करते हैं, मगर सबसे ज्यादा अन्याय जनता के साथ आजादी के बाद से उनकी पार्टी ने किया है। देश का विपक्ष चाहे जितना शक्ति प्रदर्शन कर लें देश के लोकप्रिय पीएम श्री नरेंद्र मोदी जी के सामने लोकसभा चुनाव में कोई वेकैंसी नहीं है।

# केंद्र में 4 जून को बनेगी एनडीए की मजबूत सरकार : उमेश

**कहा- विपक्ष के पास जनता के विकास का कोई एजेंडा नहीं**



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को कहा किदेश और प्रदेश की जनता-जनर्धान का एकतरफा जनसमर्थन एनडीए गठबंधन के पक्ष में है और निश्चित ही 4 जून को केंद्र में एनडीए की मजबूत सरकार बनेगी। आगे उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से दिशाहीन और मुद्दाविहीन हो चुका है। उनके पास जनता के विकास का कोई एजेंडा नहीं है, वे लोग सिर्फ झूठ और भ्रम फैलाकर देश के मतदाताओं को बरगलाने की कोशिश में जुटे हुए हैं लेकिन उनकी मंशा कभी पूरी नहीं होगी। विकास, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, सुशासन और गरीब कल्याण हमारी सरकार का प्रमुख एजेंडा रहा है। बीते 18 सालों के शासनकाल में नीतीश सरकार के सार्थक प्रयास से प्रदेश की जनता के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं और इस सच्चाई से विपक्ष भी मुंह मोड़ने की साहस नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि विकास के मुद्दों को ही मुख्य आधार बनाकर एनडीए गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता का अप्रत्याशित और अपार जनसमर्थन प्राप्त किया था। पिछली मर्तबा बिहार में एक सीट की जो कसक रह गई थी, उसे इस बार हम जरूर पूरा करेंगे और हमें पूर्ण विश्वास है कि आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी चालीस लोकसभा सीटों पर एनडीए गठबंधन बड़े अंतर से एतिहासिक जीत दर्ज करेगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की मदद से प्रदेश का शोषित, वंचित और गरीब वर्ग आज विकास की मुख्यधारा में शामिल हुआ है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों में एनडीए सरकार के प्रति एक उम्मीद और विश्वास की किरण जगी है, उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंच रहा है। जनहित की दिशा में किये गए विकास के कार्य ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

## लोकसभा की तीन सीटों पर तैयारी पूरी : भाकपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने बिहार की तीन लोकसभा सीटों बांका, बेगूसराय और मधुबनी में चुनाव लड़ने की तैयारी पूरी कर ली है। गांव-गांव बैठक कर बूथ कमेटी गठित कर ली गयी है। कार्यकर्त्ता बैठकों का दौर जारी है। भाकपा महागठबंधन में जल्द से जल्द सीटों का बंटवारा जरूरी समझती है।भाकपा राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित हो चुका है। बिहार में पहले चरण के लिए 20 मार्च से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इसलिए महागठबंधन दलों के बीच सीटों के तालमेल की प्रक्रिया को अब अविलम्ब अंतिम रूप देना होगा। उन्होंने कहा कि महागठबंधन पूरी तरह एकताबद्ध होकर चुनाव के मैदान में उतरेगा और बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर अपनी जीत सुनिश्चित कर केन्द्र की सत्ता से भाजपा सरकार की विदाई की मजबूत बुनियाद रखेगा।

# बिहार में एक बार फिर परचम लहराएगा एनडीए : राजीव

**कहा- नमो नीतीश के नेतृत्व में सभी सीटों पर मिलेगी जीत**

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। आगामी लोकसभा चुनाव में जीत की गारंटी देते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए एक बार फिर से बिहार में अपना परचम लहराने के लिए कमर कस कर तैयार हो चुका है। पिछली बार विपक्षी गठबंधन को ईश्वर की दया से एक सीट मिल भी गयी थी लेकिन इस चुनाव में जनता उनका सूपड़ा साफ कर देगी। एनडीए को बिहार की 40 में से 40 सीटें अपार बहुमत से जीतने से इस बार कोई ताकत नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव एनडीए बनाम इंडी गठबंधन नहीं बल्कि लोकतंत्र बनाम परिवारवाद के बीच हो रहा है। इसमें एक तरफ सुशासन के पर्याय बने नमो-नीतीश के नेतृत्व में लोकतांत्रिक पार्टियां हैं तो दूसरी तरफ कुशासन व घोटालों के सरताज माने जाने वाले राजद-कांग्रेस के नेतृत्व में खानदानी पार्टियां। दोनों के काम देख चुकी बिहार की जनता जानती है कि उनका भला एनडीए जैसा लोकतांत्रिक गठबंधन ही कर सकता है। उन्हें पता है कि डबल इंजन सरकार के कारण ही आज विकास की रौशनी बिहार के कोने-कोने तक पहुंच चुकी है। समाज के हर जाति-हर वर्ग को डबल इंजन सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। इसीलिए जनता खुद जी-जान से एनडीए को रिकॉर्ड जीत दिलाने में लग चुकी है। विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि बिहार के लोग खानदानी दलों से भरे इंडी गठबंधन के रग-रग से भी पूरी तरह वाकिफ हैं। वह जानते हैं कि विपक्षी गठबंधन का एकमात्र उद्देश्य सिर्फ परिवार की जमींदारी बचाने का प्रयास भर है। उन्हें पता है कि मौका मिलते ही यह लोग ऐसी लूट मचाएंगे कि देश और राज्य दोनों सैंकड़ों साल पीछे चले जायेंगे। विपक्षी दल यह जान लें कि बिहार लोकतंत्र की जननी है। परिवारवाद के माध्यम से राजशाही थोपने वाले दलों को यहां की जनता अब बख्शने के मूड में नहीं है। इस चुनाव में उन्हें आधे से अधिक सीटों पर लाज बचाने भर वोट भी नहीं मिलने वाले।

# स्कीम वर्कर्स के सवालों पर भाजपा को घेरेंगी महिलाएं : शशि

**ऐक्टू व महासंघ गोप गुट कार्यालय में आयोजित हुआ अभिनन्दन समारोह**



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाकपा-माले , ऐक्टू सह स्कीम वर्कर्स फेडरेशन की राष्ट्रीय महासचिव व स्कीम वर्कर्स आंदोलन की नेत्री नव निर्वाचित एमएलसी शशि यादव के सम्मान में आज राजधानी पटना में ऐक्टू, ऐपवा, ऑल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन की ओर से ऐक्टू राज्य कार्यालय में वहीं दूसरी कर्मचारी महासंघ गोप गुट राज्य कार्यालय में अलग अलग दो स्थानों पर अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया।नव निर्वाचित एमएलसी शशि यादव के सम्मान में ऐक्टू राज्य कार्यालय में ऐक्टू राज्य महासचिव आरएन ठाकुर की अध्यक्षता व विद्यालय रसोइया संघ महासचिव सरोज चौबे के संचालन में संपन्न हुए अभिनन्दन समारोह में बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ गोप गुट, बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ ऐक्टू, महिला संगठन ऐपवा,बिहार राज्य आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन ऐक्टू नेताओं ने एमएलसी शशि यादव को माला पहना व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। विभिन्न यनियनों से जुड़े नेताओं व कार्यकताओं ने इस अवसर पर शशि यादव को लाल सलाम, लड़ेगें जीतेगें ,स्कीम कर्मियों को सरकारी कर्मी का हक और 18 हजार मानदेय देना होगा के साथ साथ स्कीम वर्कर व देश को धोखा देने वाली मोदी सरकार को 2024 के चुनाव में गद्दी से उतार दो का जमकर लगा नारा। इस अवसर परआशा कार्यकर्तओं व रसोइया कर्मियों ने स्वागत गीत गाकर कॉ शशि यादव का अभिनन्दन किया। इस अवसर ऐक्टू व महासंघ गोप गुट राज्य कार्यालय में आयोजित अभिनन्दन समारोह में लोगो को संबोधित करते हुए एमएलसी व स्कीम वर्कर्स फेडरेशन की राष्ट्रीय महासचिव व ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव शशि यादव ने कहा कि बिहार सहित देश की एक करोड़ कामकाजी स्कीम वर्कर्स महिलाओं के सवालों पर भाजपा को घेरेंगी। उन्होंने आगे कहा कि स्कीम वर्कर्स सहित महिलाओं के सम्मान व अधिकार के सवाल पर सड़क पर गूंजने वाली आवाज सदन में भी उसी तेवर जे साथ गूंजेगा। सरकार को महिला प्रश्नों पर जिम्मेदारी के साथ जवाब देने को बाध्य किया जाएगा।

# राजद ने बैलेट पेपर की गिनती पहले कराने की मांग दोहराई

**मतगणना की पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए जरूरी : गगन**

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राजद ने एक बार फिर चुनाव आयोग से आगामी लोकसभा चुनाव में ईवीएम से पहले पोस्टल बैलेट की गिनती कराने की मांग दोहराई है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा रविवार को सभी राजनीतिक दलों की बुलाई गई बैठक में राजद ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जब मतगणना के अन्तिम परिणाम की घोषणा पोस्टल बैलेट की गिनती करने के बाद हीं की जाती है तो उसकी गणना पहले कराकर उम्मीदवारों को प्राप्त मतों की घोषणा करने के बाद ईवीएम की गिनती कराने में भी उतना हीं समय लगेगा जितना पोस्टल बैलेट की गिनती बाद में कराकर अन्तिम परिणाम घोषित करने में। राजद प्रतिनिधि मंडल में शामिल राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट की गिनती ईवीएम के बाद कराने पर अन्तिम परिणाम को प्रभावित करने की कई शिकायतें मिली थी। इसलिए मतगणना की पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए यह जरूरी है। राजद के इस मांग को बैठक में शामिल अन्य राजनीतिक दलों ने भी समर्थन किया है। राजद प्रवक्ता ने बताया कि भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त जब पटना आए थे तो उस समय भी राजद द्वारा उनके सामने यह मांग रखी गई थी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बुलाए गए आज की बैठक में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष वृषण पटेल, प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन , प्रदेश मुख्यालय प्रभारी महासचिव मुकुंद सिंह और युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव शामिल थे। राजद द्वारा मतदान केन्द्रों पर पानी के साथ हीं छाया के लिए शामियाना लगाने, सभा आदि के अनुमति के साथ हीं अन्य प्रक्रियाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को लागू करने, बुथ वाइज आवंटित ईवीएम का नम्बर उम्मीदवारों को उपलब्ध कराने और प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी जानकारी शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराने की मांग की गई है। राजद ने चुनाव आयोग से पुरे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने की अपेक्षा की है

## बाईपास नाला जाम, 15 दिनों के अंदर साफ करने का निर्देश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना नगर निगम द्वारा शहर के नालों की उड़ाही लगातार जारी है। रविवार को नगर आयुक्त द्वारा बाईपास नाले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि मेट्रों निर्माण के दौरान पिलर कास्टिंग के लिए की निकाली गई मिट्टी से बाईपास नाले को जाम एवं संकरा कर दिया गया है।

जिससे जलनिकासी पूर्ण रूप से नहीं हो पा रही है। रामलखन पथ, नन्द लाल छपरा, श्री निवास टावर एवं शिवम कॉन्वेंट के पास यह नाले में मिट्टी भरी एवं कम चौड़ाई कि स्थिति देखने को मिली। बता दें कि मिठापुर में संप का सारा पानी इसी नाले से जाता है ऐसे में कंकड़बाग एवं बाईपास इलाके का पानी नहीं निकलने से जलनिकासी होगी। इससे जलजमाव की समस्या हो सकती है। 31 मार्च तक मिट्टी हटा कर नाले को क्लियर का दिया गया निर्देश :

नगर आयुक्त द्वारा 31 मार्च तक इसको हटाने का निर्देश पटना मेट्रों के पदाधिकारियों को दिया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अंचल स्तर से संपर्क करते हुए आगे के कार्य को पूरा किया जाए और नाला उड़ाही निरंतर हो यह सुनिश्चित किया जाए। गौरतलब है कि बाईपास नाले का निरक्षण मिठापुर संप हाउस से शुरू होकर नंदलाल छपरा, श्री निवास टावर तक का नगर आयुक्त की अध्यक्षता में टीम द्वारा पैदल निरिक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य नगर अभियंता, ककड़बाग अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक एवं मेट्रों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### जनवादी लेखक संघ के तत्वावधान में कविता की जमीन -4 कार्यक्रम का आयोजन

# कवियों ने किया काव्य पाठ,समाज और सत्ता की हकीकत पर डाला प्रकाश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



● बिहार और यूपी के कवि को जोड़ना ही कार्यक्रम का मुख्य मकसद : नलिन

पटना। जनवादी लेखक संघ बिहार के तत्वावधान में पटना के माध्यमिक शिक्षक संघ भवन के सभागार में कविता की जमीन -4 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरज सिंह ने की, जबकि संचालन सचिव विनीताभ और प्राच्य प्रभा पत्रिका के संपादक विजय कुमार सिंह ने किया। आगत कवियों एवं कवयित्रियों का स्वागत अध्यक्ष के स्वागत भाषण और प्रो.अलखदेव प्रसाद अचल की पुस्तकें एवं प्राच्यप्रभा पत्रिका की प्रतियां प्रदान कर किया गया। तत्पश्चात डॉ. हरेराम सिंह का वैशाली की पूनो का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर हरे राम सिंह की काव्य रचना वैशाली की पूणो का लोकार्पण किया गया। वहीं जनवादी लेखक संघ के अलख देव अचल की पुस्तक सियासत और मुर्दे हैं हम और प्राच्य प्रभा की पत्रिका अतिथि कवियों को भेंट किया गया। स्वागत भाषण में जनवादी लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर नीरज सिंह ने अतिथि लेखकों का स्वागत करते हुए कहा कि बिहार के महत्वपूर्ण पांच जीवंत भाषाएं हैं। कहा कई मायने में बिहार और यूपी की एक दूसरे का पूरक है। हिंदी साहित्य की चीजें यहां से वहां और वहां से यहां आती रहती हैं। कहा बिहार जीवंत और परिवर्तनकारी धरती है। माकपा विधायक अजय कुमार ने अतिथि कवियों का स्वागत करते हुए कहा कि कवियों की भूमिका महत्वपूर्ण बताया।

कवि डॉक्टर नलिन रंजन सिंह ने कहा कि छठी शताब्दी में बदलाव का धरती बिहार है। यहां बार बार परिवर्तन की ज्योति जलती रही है। आयोजन के तहत मध्य प्रदेश के 16 कवि उत्तर प्रदेश में काव्य पाठ किया। अब तक इस तरह के आयोजन में 81 कवि जुड़ चुके हैं। इस अवसर पर उन्होंने हिंदी साहित्य के विकास में उत्तर प्रदेश की भूमिका की विस्तार से जानकारी दिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में उत्तर प्रदेश के नामचीन कवि -कवयित्रियों में हरीश चंद्र पांडे, नलिन रंजन सिंह, डा.एम पी सिंह, बसंत त्रिपाठी, विशाल श्रीवास्तव, महेश आलोक, ज्ञान प्रकाश चौबे, राजेन्द्र वर्मा, सुभाष राय, आभा खरे, शालिनी सिंह, गरिमा सिंह, वेद प्रकाश और विवेक निराला, सीमा सिंह, विशाल श्रीवास्तव, सलमान ख्याल, ने अपनी- अपनी कविता का पाठ किया। पठित कविताओं पर समीक्षात्मक प्रतिक्रिया डॉ.अली इमाम खां और जवाहर पांडे ने व्यक्त की।

वहीं दूसरे सत्र का भी संचालन विनिताभ ने किया। इस सत्र के काव्य पाठ के पूर्व चर्चित कवि अरुण कमल ने काव्य पाठ समारोह में शामिल श्रोताओं और कवियों को संबोधित किया। इस सत्र में जलेस के राष्ट्रीय उप सचिव नलिन रंजन सिंह और सूर्य कांत त्रिपाठी निराला के परपोते विवेक निराला ने समाज और सत्ता पर आधारित कविता का पाठ कर लोगों को प्रभावित किया। बसंत त्रिपाठी, कवि और जन संदेश टाइम के संपादक संपादक सुभाष राय ने वर्तमान सत्ता के चरित्र और अंतिम पायदान पर के लोगों के दर्द पर कविता के माध्यम से करारा चोट किया। महेश आलोक और यूपी जलेस के अध्यक्ष हरीश पांडेय ने अपनी अपनी कविता के पाठ में आम लोगों की समस्या का गंभीरता से चित्रण कर श्रोताओं को प्रभावित किया।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 120 लोगों की हुई जांच



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अग्रसेन सेवा न्यास एवं अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रविवार को शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर ट्रस्ट के सचिव अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक माह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। आज के इस चिकित्सा शिविर में कुल 120 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस इ की जांच के लिए 25 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 68 मरीजों के आँखों की जांच राजी अहमद द्वारा किया गया। इनमे 15 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ शशि मोहनका द्वारा किया जाएगा। मौके पर अमर अग्रवाल ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा 30 मरीज के मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया गया। सभी17 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। आँखों के अतिरिक्त मधुमेह की जांच डॉ सुभाष कुमार द्वारा की गयी जिसमे 20 लोगों में मधुमेह पाया गया। सभी मरीजों को मधुमेह की दवा निःशुल्क दी गयी। डा कुमार ने बताया कि मधुमेह रोगियों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। मौके पर शिविर में 15 लोगों के दांतों की जांच डॉ नितिन मैतिन द्वारा की गयी जिसमे 10 लोगों के दांत में बीमारी पाई गयी। मौके पर ब्लड प्रेशर की जांच जितेंद्र के द्वारा एवं शुगर कि जाँच रणधीर द्वारा की गई। साथ हीं आँख की दवा समाजसेवी सुभाष अग्रवाल एवं अन्य दावा पवन केजरीवाल द्वारा उपलब्ध कराई गई। एम पी जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अमर कुमार अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, अनिल गुप्ता, ललन लाठ, संतोष केडिया, श्रवण अग्रवाल , रमेश अग्रवाल, राजकुमार खेमका, रितेश तुलस्यान, तरुण हिसारिया, सावरमल ड्रोलिया एवं अन्य पदाधिकारियों की रही।

# मधुमेह से बचाव के लिए जीवन शैली में सुधार जरूरी - डॉ सुभाष



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मधुमेह केयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित जांच शिविर में मधुमेह रोगियों की जांच करते हुए प्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ सुभाष कुमार ने कहा कि मधुमेह नियंत्रण के लिए जीवन शैली में सुधार जरूरी है। डाईबेट एवं मोटापा क्लिनिक के निदेशक डॉ सुभाष ने कैम्प में करीब 132 मधुमेह रोगियों की जांच की। इसमें 45 रोगियों में मधुमेह बहुत अधिक बढ़ा हुआ था। डॉ सुभाष ने बताया की मधुमेह को नियंत्रण में रखने के लिए शारीरिक श्रम तथा सुबह टहलना जरूरी है। शिविर में डाइटीशियन सुमिता कुमारी ने बताया कि मधुमेह रोगी फाइबर युक्त सब्जी, तथा मोटा अनाज ज्यादा खाएं। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दावा भी दी गई। शिविर में ब्लड प्रेशर की जांच जितेंद्र ने की।

## संक्षिप्त खबरें

### चलाया गया भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान

कुशेश्वर स्थान दरभंगा : भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान भदहर शक्ति केन्द्र पर मंडल अध्यक्ष घनश्याम चौधरी के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें नारी शक्ति को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष श्री चौधरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में नारी शक्ति को जो प्रतिनिधित्व और सम्मान मिला वो आज तक किसी भी सरकार में नहीं मिली! उपस्थित लाभुको को मोदीजी के पत्रक संदेश देकर मोदीजी को अपना समर्थन देने का आग्रह किया गया। भाजपा अध्यक्ष ने मोदीजी के कार्यकाल को बेहतर कार्यकाल बताते हुए मोदीजी को समर्थन देने की अपील की। मौके पर प्रखंड महामंत्री अंकित सिंह मंडल उपाध्यक्ष मदन मोहन झा अजय सिंह शक्ति केन्द्र प्रमुख गंगा साह मतस्यजीवी के कप्पो मुखिया नुनु मुखिया गणेश सिंह रतनेश्वर सिंह इन्दल शर्मा शुभंकर कुमार मो सदिक सुधीर मुखिया भातु राम प्रथम मुखिया रामदाई देवी सतिया देवी जानकी देवी पनिया देवी कंचन देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दरभंगा में डीटीओ के चार्ज पर आवाजाही अवैध

दरभंगा के वरीय उपसमाहर्ता निशांत कुमार को डीटीओ दरभंगा का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। हालांकि, इस मामले में आश्चर्यजनक बात यह है कि डीटीओ दरभंगा को गैरकानूनी रूप से डीटीओ का चार्ज दिलाया गया है। कारण है कि वह व्यक्ति, जो निशांत कुमार को चार्ज दे रहा है, डीटीओ कार्यालय दरभंगा का अवैध कर्मचारी है। वीडियो साक्ष्य के अनुसार, शशि सेखराम के स्थान पर अवैध कर्मचारी के द्वारा हस्ताक्षर किया जा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि डीटीओ शशि सेखराम एक अयोग्य अधिकारी हैं, जो अपने पद का निर्वहन गैरकानूनी रूप से कर रहे हैं। गैरकानूनी रूप से कार्यरत व्यक्ति सुरेश प्रसाद का सरकारी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करना गंभीर अपराध है। तत्काल प्रभाव से जिलाधिकारीऔर परिवहन विभाग को इस मामले की जाँच कर दोषी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

### नाबालिग दिव्यांग लड़की का बलात्कार, थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक दिव्यांग दलित नाबालिक लड़की से बलात्कार का बंगला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़ित लड़की की मां ने थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया कि 15 मार्च को मैं निजी क्लीनिक में अपनी भाभी के इलाज के लिए गई थी। मेरी 13 वर्षीय दिव्यांग विकलांग पुत्री घास लाने चौर में गई। संध्या के समय गांव के ही एक 50 वर्षीय अधेड़ चौर में ही मेरी पुत्री को पकड़ कर गमछा से मुंह बांधकर जबरन बलात्कार किया। तथा हाथ पैर बांधकर चौर में ही छोड़ दिया। ग्रामीणों के सहयोग से मेरी पुत्री को घर लाया गया। मेरे पुत्री घटना के बारे में जानकारी दी। वही इस संबंध में थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि आवेदन मिला है पीड़िता को मेडिकल जांच में भेजा गया है।

### कुशल युवा कार्यक्रम के तहत निःशुल्क कंप्यूटर क्लास का हुआ उद्घाटन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। बिहार कौशल मिशन योजना द्वारा संचालित निशुल्क कंप्यूटर क्लास का उद्घाटन प्रखंड के केराई पुल चौक पर किया गया। उद्घाटन डीएसएम संतोष कुमार, यूनिक चिल्ड्रन एकेडमी के संचालक नीरज कुमार सिंह एवं स्थानीय मुखिया चंद्रमणि प्रसाद सिंह संयुक्त रूप से किया। संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस संस्थान से निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर युवक एवं युवतियां अपने करियर का एक नया आयाम दे सकता है। वहीं संस्थान के निदेशक मनीष कुमार एवं चंदन कुमार आगत अतिथियों का स्वागत किया।

### प्रशासन ने कोर्ट के आदेश पर खाली कराया अतिक्रमण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के नामापुर गांव में रविवार को कोर्ट के आदेश पर पुलिस लाइन के फोर्स एवं कल्याणपुर अंचलाधिकारी शशि रंजन कुमार एवं चकमेहसी थाना अध्यक्ष दिव्या ज्योति कुमारी के सहयोग से जमूना प्रसाद चौधरी और संजय चौधरी के जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के नवाबगंज गांव में मारपीट के नामजद आरोपी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नवाबगंज गांव निवासी रामानंद खान के पुत्र अमित कुमार उर्फ रामलाल के रूप में हुई है। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्या ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए कोर्ट भेज दिया गया है।

# लोकतंत्र की रक्षा तथा रोजगार के लिए भाजपा को शिकस्त देना जरूरी : मीना तिवारी

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर ।अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ( ऐपवा ) के सातवें मुजफ्फरपुर जिला सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की गहमागहमी तथा देश के सामने मौजूद भारी चुनौतियों के बीच महिलाओं का सम्मेलन हो रहा है। आजादी के 75वर्षों में जो कुछ भी लोकतांत्रिक-संवैधानिक व जनअधिकार हासिल हुआ है भाजपा और मोदीराज में सबकुछ दाव पर लगा हुआ है। महिलाओं का नाम लेकर महिलाओं पर चौतरफा बर्बर हमला जारी है। फिर से सामंती-मनुवादी व्यवस्था लागू करने की साजिश रची जा रही है। महिलाओं के बीच भी सांप्रदायिक विभाजन तथा नफरत और उन्माद फैलाने में भाजपा जुटी हुई है। भाजपा-आरएसएस की साजिश से हमें सचेत रहना है। इसीलिए हमारा यह सम्मेलन ह्यभाजपा हराओ-देश,लोकतंत्र व संविधान बचाओ ह्य के लिए सर्मर्पित है।

आगे उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले साल महिला आरक्षण बिल पेश किया और इस बिल को नारी वंदन अधिनियम कहा गया। लेकिन जब कानून सामने आया तो यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा ने महिलाओं के साथ फिर एक बार बड़ा छलावा किया है। यह बिल कब लागू होगा-कैसे लागू होगा? सरकार इस बात पर चुप है।भाजपा सरकार की मंशा महिला आरक्षण विधेयक का छलावा देकर महिलाओं का वोट अपने पक्ष में करना है। इस जुमलेबाज एवं झूठी सरकार से हम सब पिछले 10 वर्षों से परिचित हैं। भाजपा सरकार महिलाओं के रोजी-रोटी के सवाल पर चुप है। आकाश छूती महंगाई से त्राहिमाम मचा हुआ है। और तो और भाजपा राज में बलात्कारियों को संरक्षण एवं अभिनंदन रोज की घटना बन गई है। देश की शान महिला पहिलवानों का मामला हो या फिर बिल्किस बानो के बलात्कारियों को बचाना और अभिनंदन से देश-दुनिया शर्मशार है। इस जुमलेबाज सरकार का नारा ह्य बेटी पढ़ाओ- बेटी बचाओह्व महज प्रचार और झूठ का पुलिंदा साबित हुआ है।सम्मेलन दिवान रोड स्थित किरणश्री भवन में आयोजित था, जिसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से चार सौ से ज्यादा महिला प्रतिनिधि शामिल थीं। राज्य पर्यवेक्षक मालती राम के संचालन में 35 सदस्यीय ऐपवा जिला कमिटी का गठन हुआ। सम्मानित जिला अध्यक्ष शारदा देवी, जिला अध्यक्ष गायघाट से जिला पार्षद विजनेश यादव, जिला सचिव रानी प्रसाद सहित छः उपाध्यक्ष तथा तीन सह सचिव चुनी गई।सम्मेलन की अध्यक्षता 11 सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने किया जिसमें शारदा देवी, रानी प्रसाद, विजनेश यादव, मीरा ठाकुर, चंद्रकला देवी, मंजू देवी, शर्मिला देवी, शीला देवी, निर्मला सिंह, शंकर देवी, कुसुम देवी शामिल थीं। सम्मेलन के पूर्व माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की लूट, मनमानी तथा सकरा में कर्ज वसूली के दबाव में दलित पति-पत्नी की मौत के जिम्मेवार कंपनी पर सख्त कारवाई की मांग के साथ शहर में प्रतिवाद मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व ऐपवा राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी और राज्य पर्यवेक्षक मालती राम ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य पर्यवेक्षक मालती राम ने कहा कि मोदी-भाजपा सरकार की काली करतूतों और कारनामों के खिलाफ महिलाओं का आंदोलन जारी है। महिलाएं मोदी सरकार के खिलाफ चुनावी मैदान में दमखम के साथ उतरेंगी।

## बूढ़ी गंडक नदी में बन रहे पुल निर्माण कार्य में रखें गुणवत्ता का ख्याल, निर्माण कार्य में लाएं तेजी : शाहीन



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर के स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन के द्वारा शनिवार को समस्तीपुर प्रखंड के हकीमाबाद पंचायत में बूढ़ी गंडक नदी पर निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थल पर पुल निर्माण के लिए पिलरों का निर्माण कार्य होता हुआ पाया गया एवं निर्माण सामग्री उपलब्ध पाई गई। सम्बंधित पदाधिकारी को पुल के समीप भू-अर्जन की प्रक्रिया के अंतर्गत 11-ए का निर्गत करने को कहा तथा निर्देश दिया गया कि यह सुनिश्चित कराएं की संबंधित रैयतों को एलपीसी की कोई समस्या नही रहे। ताकि भू-अर्जन की राशि भुगतान में कोई व्यवधान नहीं हो। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल रखने, निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय अक्टूबर 2025 तक निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। यह भी निर्देश दिया कि बरसात के पूर्व पानी के अंदर वाला कार्य को कर लिए जाय ताकि बरसात में निर्माण कार्य सुगमता से जारी रह सके। कहा कि उन्होने 22 मार्च 2022 को बिहार विधानसभा में हकीमाबाद में बूढ़ी गंडक नदी पर पुल बनाने की मांग किया था तथा दर्जनों बार इस सम्बन्ध में पत्राचार किया था। उनके अथक प्रयास से इस क्षेत्र की चिरप्रतिक्षित मांग पूर्ण हो सकी है। इस अवसर पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, पूर्व मुखिया चंदन कुमार राय, पूर्व मुखिया मुकेश कुमार राय, जिला राजद महासचिव रामकुमार राय, जिला राजद महासचिव मो. परवेज आलम, जिला राजद महासचिव राकेश यादव, समाजसेवी सैयद तारिक नवी, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, उत्कर्ष बैंक के वरीय प्रबंधक रवि आनंद, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रोफेसर रजनीश कुशवाहा, राजद नेता मन्नू पासवान, मुकुल कुमार, सूरज यादव, समाजसेवी ई. राजेश कुमार, जयलाल राय, रंजीत कुमार रम्भू, मनोज कुमार राय, रितेश कुमार पिंकू, संतोष कुमार, बिट्टू रजक, प्रमोद पंडित, मो. आसिफ इकबाल, जयशंकर ठाकुर, ज्योतिष महतो, मनोज पटेल, रविन्द्र कुमार रवि, मो. सफदर, सैयद फैसल आलम मन्नू, मो. तौफीक उमर, नंदन यादव, अखिलेश कुमार दास, प्रमोद कुमार पप्पू, अमरेश राय, संदीप सरकार, डॉ. रामपुकार सिंह, दीपक यादव, विजय यादव, विनोद महतो, मो. माफो सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## मुजफ्फरपुर में 20 और वैशाली में 25 मई को होगा मतदान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अधिसूचना जारी कर दी। बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर चुनाव की तारीखों का भी ऐलान हो गया है। बिहार में इस बार 7 चरणों में मतदान होगा। लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में मुजफ्फरपुर में 20 मई को मतदान होगा। पांचवें चरण की अधिसूचना 26 अप्रैल को जारी होगी, इसी दिन से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। नामांकन का आखिरी दिन 3 मई है। इसके बाद 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 6 मई तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। मतदान 20 मई को कराया जाएगा। वैशाली लोकसभा सीट के लिए मतदान 6ठे चरण 25 मई को होगा। इस चरण के मतदान की अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी।इसी दिन से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नॉमिनेशन का आखिरी दिन 6 मई है। इसके बाद 7 मई को नॉमिनेशन की स्क्रूटनी होगी और 9 मई तक नामांकन वापसी हो सकेगी। इस चरण के लिए वोटिंग की तारीख 25 मई रखी गई है। मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि मुजफ्फरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल निर्वाचकों की संख्या 18 लाख 58 हजार 538 है जिनके लिए 1869 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मुजफ्फरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में गायघाट, औराई, बोचहा, सकरा, कुढ़नी और मुजफ्फरपुर शामिल है। वैशाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 15 लाख 13 हजार 429 मतदाताओं के लिए 1594 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वैशाली लोकसभा क्षेत्र में मीनापुर, कांटी, बरूराज, पारू साहेबगंज और वैशाली शामिल है। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

## नेपाली शराब को पुलिस ने किया जप्त

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली अचार सहिंता अधिनियम के तहत रविवार को थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह,बीडीओ लवली कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी के दौरान मरुकिया गांव स्थित मुख्य सड़क पर एक वाइक पर लदे तीन प्लास्टिक की बोरी छुपाकर रखे देशी नेपाली शराब को जप्त कर थाना पर लाया गया. थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि थानाध्यक्ष एव बीडीओ द्वारा संयुक्त रूप से भटचौरा से मरुकिया की ओर जाने वाली मुख्य पक्की सड़क पर छापामारी करके एक वाइक सहित प्लास्टिक की बोरी में तीन कार्टून देशी नेपाली शराब जो प्रत्येक कार्टून में 300 एमएल के 30 बोतल कुल नौ कार्टून में कुल 270 बोतल देशी नेपाली शराब सहित एक वाइक को जप्त कर थाना पर लाकर अज्ञात शराब तस्कर पर प्राथमिकी दर्ज की गयी.वही बीडीओ लवली कुमारी ने बताया कि अचार सहिंता अधिनियन के तहत थानाध्यक्ष एव बीडीओ के ज्वाइंट छापामारी अभियान चलाकर बैनर ,पोस्टर को नष्ट करने जाने क्रम में शराब तस्कर को वाइक सहित शराब की बारी जप्त किया गया.वही शराब तस्कर भागने में सफल रहा।

## बहुजन समाज की बिटिया बीएसएससी (सीजेएल) में लहराया परचम

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत सुरौली गांव वार्ड 6 की निवासी सेवानिवृत सहारा प्रबंधक राम दास की तीसरी पुत्री हेमा कुमारी ने आखिरकार भारतरत्न बाबा भीम राव अंबेडकर की क्रांतिकारी उक्ति शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा दहाड़ेगा को चरितार्थ करती नजर आई। साधारण परिवार में जन्मी हेमा ने गांव में ही मैट्रिक तक की प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की। इंटर की परीक्षा भागलपुर और बीए की उच्च शिक्षा एन कॉलेज पटना से पूरी की। घर की आर्थिक हालत ठीक नहीं होने के कारण आगे की पढ़ाई नहीं कर सकी। अपने दादा सेवानिवृत शिक्षक शिवनंदन पार्थी के सम्यक निर्देशन और आर्थिक सहयोग के बलबूते अपने खानदान ही नहीं अपितु गांव, समाज, जिला का नाम रौशन कर एक मिशाल कायम की। वर्तमान पीढ़ी के बच्चो के लिए एक आदर्श आइकन के रूप में समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया। इस खुशी के अवसर पर इनके निज आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में विधायक अजय कुमार अपने सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के रूप में चयनित हेमा को आशीर्वाद दिया और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। हेमा वर्तमान में अभी निर्वाचन विभाग में पदस्थापित हैं। उल्लेखनीय बात ये है कि हेमा ने पूर्व में भी लगातार 3 परीक्षा फाइनली क्रैक किया। विगत 10 फरवरी 24 को बीपीएससी टीचर के रूप में महुली हसनपुर में ज्वाइन की और इसे 17 फरवरी को रिजाइन कर अंततः सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के रूप में ज्वाइन करना उचित समझा। चाचा सिकंदर गुप्ता इनके लगन, ईमानदारी, अनुशासनप्रियता की चर्चा करते थकते नहीं। इनके पिता श्री राम दास और दादा शिवनंदन पार्थी ने अपने आंखों में खुशी के आंसू लिए गर्व महसूस कर रहे थे। समारोह में सैकड़ों लोगो ने आकर हेमा की हौसला आफजाई की। पूर्व सेवानिवृत शिक्षक सह पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह पूर्व जिला परिषद रामदेव राय, मुनेश्वर रजक, बोढन मिश्र, अनूप, दास, देवचंद दास, सरपंच महेश कुमार, मुखिया सुरौली ओर मुखिया गंगोली आदि भी उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बजते ही कुशेश्वरस्थान दोनों प्रखंड प्रशासन एवं थाना पुलिस एलर्ट मोड़ में



प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान पूर्वी दरभंगा : लोकसभा चुनाव की डुगडुगी बजते ही कुशेश्वरस्थान दोनों प्रखंड प्रशासन एवं थाना पुलिस एलर्ट मोड़ में आ गया है। कुशेश्वरस्थान पूर्वी बीडीओ किशोर कुमार एवं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के संयुक्त नेतृत्व में रविवार को पुलिस एवं अर्धसैनिक बल के जवानों ने दोनों प्रखंड में रुट मार्च निकालकर लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया। रुट मार्च पूर्वी प्रखंड कार्यालय धोबलिया से चलकर कोसी एवं कमला बलान नदी के दियारा क्षेत्र उसरी, हरिनाही, उजुआ, तिलकेश्वर, केवटगामा, सलमगढ़, सिसौना होते हुए कुशेश्वरस्थान प्रखंड के पैकाचराई, परमानंदपुर मधुबन, गोपालपुर, सोहरबा, हरौली, सतीघाट,बेर चौक हरिनगर चौक, ब्रह्मपुर, गोड़ा, औराही और सीमावर्ती कलना चौक पहुंचकर वापस कुशेश्वरस्थान लौट आए। इस दौरान पदाधिकारियों ने लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव में भयमुक्त होकर मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपना बहुमूल्य मत देकर लोकतंत्र के इस महा पर्व को सफल बनाने का अपील किया। कहा कि आपका एक मत केन्द्र में सरकार बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रुट मार्च में कुशेश्वरस्थान प्रखंड के सीओ राकेश सिंह यादव तथा पूर्वी सीओ गोपाल पासवान सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी व अर्द्धसैनिक बल जवान शामिल थे।

## आदर्श आचार संहिता को लेकर जिला प्रशासन सख्त, फेक न्यूज फैलाने पर होगी कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी एमसीएमसीमीडिया कोषांग की तैयारी को लेकर रविवार को सूचना भवन मधुबनी स्थित मीडिया एम० सी० एम०सी० कोषांग की बैठक परिमल कुमार जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।बैठक में नोडल पदाधिकारी मीडिया प्रबंधन कोषांग के द्वारा मीडिया प्रबंधन कोषांग एवं मीडिया प्रमीणीकरण एवं अनुश्रवण समिति के कार्यों एवं उत्तर दायित्व के संबंध में उपस्थित कर्मियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। सोमवार दिनांक-18.03. 2024 तक मीडिया निगरानी कक्ष को आधुनिक उपकरणों के साथ पूर्णरूप से सक्रिय करने का निदेश दिया गया। उन्होंने टी०वी० चैनलों केबुल नेटवर्क, निजी एफ०एम० चैनलों सहित रेडियो, सिनेमा हॉलो, सार्वजनिक स्थान में श्रव्य दृश्य डिस्प्ले और सोशल मीडिया के मामले में निर्वाचन विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिए और प्रचार अभियान के दौरान विशेष निगरानी बरतने का निदेश दिया। इसके साथ ही एम०सी०एम०सी०मीडिया कोषांग के सभी कर्मियों को आठ-आठ घंटे का शिफ्ट बनाकर 24 घंटे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी चैनलों और सोशल मीडिया पोस्ट पर निगरानी बरतते हुए पंजी में अंकित करने एवं साक्ष्य के रूप में उसकी रिकॉर्डिंग भी करने का निदेश दिया गया। खासकर सोशल मीडिया यथा-फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यट्यूब चैनल, न्यूज पोर्टल पर विशेष नजर रखने का निदेश दिया।बैठक में आनंद कुमार, मोहन मुखिया, सीटू कुमार, हीरा ठाकुर, कामेश्वर प्रसाद शर्मा समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे

## पूर्व के शराब मामले में फरार चल रहे अभियुक्त संतु नगर से गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी रहिका थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब मामले में पूर्व से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।बताते चले की रहिका थाना में पूर्व में एक शराब कारोबारी को नारंगी रंग की स्कूटी पर शराब पांच कार्टून शराब लादकर ले जा रहे रहिका पुलिस ने खदेड़ कर विजय साह के पुत्र इंद्र कुमार को गिरफ्तार कर स्कूटी पर लदे पांच कार्टून शराब के साथ स्कूटी को जप्त किया गया था उसी कांड में तीन माह से फरार चल रहे अभियुक्त चंदन कुमार पिता शिवलाल साह ग्राम संतु नगर गादियानी को गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष रहिका रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शराब मामले में कांड में फरार चल रहा था उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया।गिरफ्तार व्यक्ति शराब मामले में नगर थाना से पूर्व में जेल जा चुका है।

## प्रखंड में कार्यरत रसोइया की उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का कार्यशाला आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान दरभंगा : कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड के बीआरसी भवन के सभा कक्ष में प्रखंड में कार्यरत रसोइया की उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में प्रखंड साधन सेवी श्रवण कुमार ने रसोइया को पीएम पोषण योजना के तहत छात्रों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार बनाने के तौर तरीके की जानकारी प्रोजेक्ट के माध्यम से दी। छात्रों को मीनू के अनुसार प्रत्येक सोमवार को दाल चावल सब्जी ,मंगलवार को जीरा फ्राई चावल व आलू सोयाबीन की सब्जी, बुधवार को हरी सब्जियुत खिचड़ी व चोखा, गुरुवार को दाल चावल व सब्जी, शुक्रवार को पुलाव व देशी चना युक्त सब्जी व अण्डा या मौसमी फल दिये जाने वाले सामग्री को सावधानी पूर्वक बनाने की विधि प्रोजेक्ट्स के माध्यम से बताया गया। साथ ही गैस चूल्हा पर मध्यान्ह भोजन बनाने में बरतें जाने वाले सावधानियों की जानकारी दिया गया। मौके पर अनेक रसोइया शामिल थे।

## पुलिस टीम पर हमला, दो पुलिसकर्मी जख्मी, एक गिरफतार

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा। सरकारी वाहन घेर पुलिस पार्टी पर हमला करने का बड़ा मामला सामने आया है। मामला बोचहा थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां घरवाड़ा में बबलू पासवान के घर पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया, इस घटना में एलटीएफ प्रभारी प्रीतेश गिरि एवं चालक चितरंजन कुमार जख्मी हो गया। सूचना पर बोचहां थानाध्यक्ष राकेश कुमार यादव दलबल के साथ पहुंचे तो लोग भाग खड़े हुए।इस दौरान पुलिस ने रंजीत पासवान को गिरफ्तार कर लिया। एसआई प्रीतेश गिरि के बयान पर नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गई है। बबलू पासवान के घर चालक चितरंजन कुमार, हवलदार उदय राम, महिला सिपाही नीरा नाइस एवं महिला सिपाही रेणु कुमारी के साथ पहुंचे। इतने में रंजीत पासवान, सुजीत उर्फ ननकी पासवान, पूजा देवी, सीमा देवी, गुड़िया देवी, अक्षय कुमार, रिक्की पासवान,रामशरण पासवान की पत्नी ने लाठी डंडा एवं लोहे की रॉड से हमला कर दिया। भागने का प्रयास किया तो सरकारी वाहन को घेर लिया। अशोक पासवान ने अन्य लोगों के साथ घेर कर जान से मारने की बात कह कर नारेबाजी करने लगे। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम पर कुछ लोगों ने हमला किया है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। रंजीत पासवान को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

## अधेड़ की गोली मारकर हत्या मामले में कुख्यात समेत दो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के वार्ड 17 के जितवारपुर चौथ बोतल टोला में बीते 15 मार्च की रात हुए अधेड़ की गोली मारकर हत्या मामले में पुलिस, मृतक हरिशचन्द्र राय के पुत्र प्रिंस कुमार के आवेदन पर फरपुरा टोला निवासी विश्वनाथ राय के पुत्र कुख्यात अपराधी लक्ष्मण राय व अशोक राय के पुत्र रितेश कुमार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। दर्ज एफआईआर के अनुसार मृतक के पुत्र ने बताया है कि आरोपियों का घर उनके घर से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। आरोपियों के के साथ उनके परिवार का पूर्व से कई बातों पर विवाद था। इसी को लेकर उसने कई बार उनके परिवार को हत्या की धमकी भी दी थी। आरोपी लक्ष्मण राय लगभग डेढ़ महीने पहले ही जेल से छूट कर आया है। बीते 10 मार्च की शाम वह और उसके भतीजा ने उनके पिता से रैक पॉइंट पर चलने के लिए ट्रैक्टर मांगा था। ट्रैक्टर नहीं देने पर उसने अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। मृतक के पुत्र ने कहा है कि उन्हें पूर्ण यकीन है कि उनके पिता को उन दोनों आरोपियों ने ही गोली मारकर हत्या की है। क्योंकि आरोपी लक्ष्मण राय इस क्षेत्र का बहुत बड़ा अपराधी है और कई हत्या व लूट मामले में जेल जा चुका है। इसलिए आरोपियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। बता दें कि इस हत्या मामले में पुलिस एक चप्पल व एक खोखा बरामद किया है। माना जा रहा है कि चप्पल गोली मारने वाले अपराधी का है। वहीं इस सम्बन्ध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है, जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## बुनियादी साक्षरता परिक्षा में 1600 महिलाओं ने लिया भाग

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी हरलाखी प्रखंड भर में रविवार को महा साक्षरता परिक्षा का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार तिवारी के द्वारा आदर्श केंद्र उच्च माध्यमिक विद्यालय जिरौल में फीता काटकर उद्घाटन किया गया. जानकारी देते हुए बीईओ ने कहा कि प्रखंड के 17 केंद्रों व एक सहायक केंद्र पर तकरीबन 1600 महिलाओं ने एक साथ परीक्षा में भाग लिया है. कहा कि 15 वर्ष से 45 वर्ष के आयु की महिलाओं को शिक्षा सेवक/तालिमी मरकज के द्वारा साक्षर बनाकर सभी को बुनियादी साक्षरता परीक्षा में शामिल किया गया है. जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं को साक्षर करना है ताकि महिलाएं शिक्षा का महत्व समझे और अपने बच्चों को भी पढ़ा लिखा कर कुछ बेहतर बनावें. वहीं परिक्षा देने पहुंची महिलाओं में हर्ष व्याप्त था. मौके पर बीआरपी चंद्रवीर नारायण, एचएम सत्यनारायण यादव, विनय कुमार कुमार यादव, संतोष कुमार, यशवंत कुमार,गणेश सदा,सज्जन साफी,सहित अन्य मौजूद थे.

## दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल नहीं देने पर नवविवाहिता की हत्या कर लाश जलाने का प्रयास

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हसनपुर पंचायत के कोकनी वार्ड संख्या- 12 में दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल नही देने पर ससुरालवालों ने नवविवाहिता की हत्या कर दी और शव को मृत बागमती नदी के तट पर जलाने लगे। लेकिन इसी बीच लड़की के मायके वाले वहां पहुंच गए और चिता पर पानी डालकर बुझाया तब तक ससुराल के लोग वहां से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सिंघिया थाना क्षेत्र के कुंडल-2 पंचायत के बसुआ गांव के अकलू यादव ने अपनी पुत्री बुच्ची दाय की शादी 10 माह पूर्व हसनपुर थाना क्षेत्र के कोकनी निवासी सुरेंद्र यादव के बेटे पप्पू यादव के साथ की थी। शादी में उचित दहेज भी लड़के के परिवार वालों को दिया गया, फिर भी घर वाले बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे और लड़की को बार बार प्रताड़ित कर रहे थे। जिस बात को मृतक महिला अपने परिवार वालों को बताती थी। शनिवार की देर रात लड़की के परिवार वालों को सूचना मिली की लड़की की हत्या करके लाश को जलाया जा रहा है, जिसपर परिवार वाले जब वहां पहुंचे तो शव को ससुरालवाले अधजला छोड़ कर भाग गए। जिसे लड़की के परिवार वालों ने पानी देकर बुझाया। मृतका की मां किरण देवी ने बताया कि दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल नहीं मिलने के पर पति और ससुराल पक्ष के लोग उसके बेटी को काफी प्रताड़ित करते थे और इसलिए उसकी फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। हसनपुर थानाध्यक्ष निशा भारती ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर भेज दिया गया है। लड़की वालों के आवेदन पर मामले की जांच कर दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## बिथान प्रखंड के 10 केन्द्रों पर आयोजित बुनियादी साक्षरता परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के बिथान प्रखंड के 10 केन्द्रों पर बुनियादी साक्षरता परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग समुदाय के 1672 नवसाक्षर महिलाओं ने परीक्षा में बढ़-चढ़ कर शामिल हुई। सभी केन्द्रों पर संबंधित विद्यालय के एचएम केन्द्राधीक्षक बनाए गए थे। परीक्षा का अनुश्रवण बीईओ मनोज कुमार मिश्रा, केआरपी देव कुमार, बीआरपी सुरेन्द्र प्रसाद यादव, उमाशंकर यादव, कामेश्वर कालेलकर, बीपीएम अरविंद कुमार, गुणानंद प्रसाद ने किया। केन्द्रों पर शिक्षा सेवकों एवं केन्द्राधीक्षक सिकंदर बिहारी, अशोक कुमार, रामाशंकर प्रसाद आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली के शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

संग्रामपुर (मुंगेर)। शनिवार की मध्य रात्रि संग्रामपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक के श्रीपुर गांव में बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से घर में आग लग जाने से घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीपुर गांव निवासी महेश यादव अपने परिवार के साथ रात्रि का खाना खाकर सोने चले गए थे। रात्रि के लगभग 12:00 बजे इन लोगों को जलने की बू तथा अत्यधिक गर्मी की वजह से जब नींद खुली तो घर के छप्पर में आग लगी हुई थी।आग की लपटों को देख सभी जान बचाने के लिए घर से बाहर निकले और परिजनों के द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हुए। लगभग 1 घंटे की मेहनत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। इस संबंध में गृहस्वामी महेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी। आज इतनी तेज थी कि पल भर में पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया। आग लगने की वजह से घर में रखा सारा सामान जलकर रात हो गया। जलने वाले सामान में घर में रखा पैसा, कूलर, कपड़ा और अनाज है। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह कुछ अनाज को बाहर निकाल पाया।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त बैठक हुई सम्पन्न : प्रखण्ड विकास पदाधिकारी

● लोकसभा आम चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक में कई बिंदु पर हुई विस्तृत चर्चा

प्रात : किरण ब्यूरो।



शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज प्रखण्ड के सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एंव पुलिस पदाधिकारी की अहम बैठक की। बैठक की शुरूआत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनावी तैयारी को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान थानाध्यक्ष प्रिय रंजन, कृषि पदाधिकारी अजय मनी, सांख्यिकीय पदाधिकारी राकेश कुमार सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट एंव पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि आनेवाले लोकसभा चुनाव शांति पुर्ण हो इसके लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट एंव पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी बुथ पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एंव पुलिस पदाधिकारी रहेगें, और कोई भी बुथ पर मतदाता को बोट देने में कोई परेशानी न हो इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एंव पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# जिला दंडाधिकारी ने भागलपुर में लगाया निषेधाज्ञा

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा दिनांक 16 मार्च को कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है, तथा विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा चुनावी प्रचार कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिया गया है। इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जन सभा व जुलूस का आयोजन किया जायेगा। जन सभा एवं जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन पर मतदाताओं को प्रभावित व आतंकित किए जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए अवांछित व असामाजिक तत्त्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक-शांति भंग हो सकती है। अतः उपर्युक्त पृष्ठभूमि में जिला दंडाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी संतुष्ट होकर चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण भागलपुर जिला के अन्तर्गत निम्नांकित आदेश जारी करता हूँ- . किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल व संगठन के द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस व धरना या प्रदर्शन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग बिना सक्षम पदाधिकारी की पूवार्नुमति के आयोजित नहीं की जायेगी, . द बिहार कंट्रोल ऑफ द यूज एंड प्लेय ऑफ लाउड स्पीकर एक्ट,1955 के अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक वर्जित रहेगा . कोई भी व्यक्ति अथवा राजनैतिक दल या संगठन किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा, आलेख, फोटो आदि का प्रकाशन नहीं करेंगे, साथ ही इस संबंध में किसी प्रकार का आपत्तिजनक, विधि विरूद्ध संदेश, वाट्सएप, फेसबुक अथवा अन्य सोशल मीडिया या एसएमएस अथवा अन्य इलेक्ट्रोनिक्स माध्यम से आदान प्रदान नहीं करेंगे, जिससे चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो सकें।कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगे एवं साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काने का कार्य नहीं करेंगे, . कोई भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन द्वारा मतदाताओं को डराने, धमकाने एवं किसी को भी प्रलोभन में लाने का प्रयोग नहीं करेंगे।

# राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में ड्यूटी से गायब रहते हैं प्राचार्य

प्रात : किरण ब्यूरो।

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। राज्यकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हवेली खड़गपुर मुंगेर 3 में काफी दिनों से अव्यवस्था का शिकार हो गया है। कॉलेज सूत्र बताते हैं कि राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य अपने ड्यूटी से गायब रहती है। इस वजह से कॉलेज परिसर के अंदर कई तरह के अनैतिक कार्यों का खेल खेला जाता हैं इस कारण से कॉलेज सहित छात्रावास का माहौल खराब हो गया है हजारों छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार की ओर चला गया है ।कॉलेज सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग पटना की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण तकनीकी शिक्षा का मंदिर कहा जाने वाला संस्थान आज दिशा विहीन होने के कगार पर पहुंचने वाला है । प्राचार्य के अनुपस्थिति में शिक्षक और कुछ कर्मचारी दिशा विहीन हो जाते हैं। छात्र-छात्राओं ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि प्राचार्य माह में 8 दिन ही कॉलेज में रहती हैं और उनके जाने के बाद एक मुंह बोला चपरासी प्रिंसिपल बन बैठता हैं और शिक्षकों सहित छात्र-छात्राओं पर धौंस जमाते रहता हैं। तथाकथित प्रिंसिपल बने चपरासी की बात नहीं मानने पर प्राचार्य के आने के बाद झूठी शिकायत सभी को डांट फटकार सुनते हैं और कुछ को कॉलेज से निकाल बाहर करवाते रहता हैं कुछ दिन पहले गार्ड पवन कुमार को इस लिए निकाल दिया गया कि उक्त गार्ड ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के चपरासी और खाना बनाने वाले का शराब पीते हुए संस्थान के अंदर वीडियो बनाकर प्राचार्य के मोबाइल पर भेज कर शिकायत किया था।

# एयरपोर्ट की स्वीकृति मिलने से जिले के लोगों के बीच दिखा खुशी का माहौल

प्रात : किरण ब्यूरो।



भागलपुर ।जिले में लंबे वर्षों की प्रतीक्षा के बाद भागलपुर एयरपोर्ट की मांग अब खत्म हो गई है। उक्त मांग को लेकर काफी संघर्ष के बाद बिहार सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। एयरपोर्ट निर्माण के साथ हवाई जहाज उड़ान की मंजूरी मिलने के बाद जिला एयरपोर्ट संघर्ष समिति एवं भागलपुर वासियों में काफी खुशी देखी जा रही है। वही इस सराहनीय पहल को लेकर एयरपोर्ट संघर्ष समिति दल डीएम से मिलने के लिए उनके चैंबर पहुंचे। जहां उन्होंने इस सराहनीय पहल को लेकर डीएम को धन्यवाद का ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर एयरपोर्ट संदर्भ में समिति के कार्यकताओं ने बताया कि हम लोगों का मन था कि भागलपुर में जल्द से जल्द एयरपोर्ट का बने, इस दिशा में एयरपोर्ट निर्माण कार्य व हवाई जहाज उड़ान भरने की दिशा में अब बिहार सरकार ने मंजूरी दे दी है, जिससे हम लोगों में काफी खुशी का माहौल है, अब जल्द ही जिलावासियों को यह प्रत्यक्ष रूप से देखने व हवाई जहाज उड़ान से लाभान्वित होने का सपना पूरा हो सकेगा।

# नगर निगम में फायदे का बजट हुआ पास : मेयर



● बैठक में मुख्य रूप से युवाओं और महिलाओं को लाभान्वित किये जाने पर जोड़ दिया गया

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिले भर में आम लोगों के लाभान्वित किये जाने की दिशा में शहरी क्षेत्र के हर वार्ड में रहनेवाले लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी को लेकर निगम प्रशासन ने एक अनोखी पहल की है।शहरी इलाकों में अब हर वार्ड को निगम प्रशासन द्वारा सौंदर्यिकरण की दिशा में सफाई व अन्य योजनाओं के लिए दो करोड रुपये आवंटित कर मिलेंगे, जिससे अब हर वार्ड स्वच्छ सुंदर और विकसित बनाने की कवायद तेज की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी भागलपुर जिला महापौर डॉ. बसुंधरा लाल ने देते हुए कहा है कि हर वार्ड को अब दो करोड रुपये आवंटित कर दिए जा रहे हैं, जिसमें महिलाओं के लिए शौचालय, साफ-सफाई व पार्क का निर्माण महत्वकांक्षी योजना कार्य सम्पन्न कराया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि इस संबंध में आयोजित बैठक में सभी वार्ड के पार्षदगण के साथ विस्तृत जानकारी के साथ साथ महत्वकांक्षी योजना की विस्तृत जानकारी साझा कर दी गई है। बैठक में मुख्य रूप से युवाओं और महिलाओं को लाभान्वित किये जाने पर जोड़ दिया गया है। वही बैठक के बाद से सभी पार्षद काफी खुश दिखे थे। वही अब शहर को सौन्दर्यकरण किये जाने के साथ साथ विकासशील और विकसित बनाने की दिशा में एक आयाम देने की गतिविधियों को लेकर जिले के सभी पार्षदों के अंदर जोश दिखा है। शहरी विकास को लेकर दी जाने वाली राशि के साथ अब सभी वार्डों में साफ-सफाई के साथ साथ विकसित नगर बनाने की कवायद तेज कराई जाएगी।

# श्याम महोत्सव पर भक्ति माहौल में सराबोर हो झूमे श्रद्धालु

प्रात : किरण ब्यूरो।

नवगछिया (भागलपुर)। नारायणपुर प्रखंड के स्थानीय मधुरापुर बाजार में मारवाड़ी समाज द्वारा श्रीकृष्णा विवाह भवन परिसर में दो दिवसीय श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। विगत संध्या भगवान श्रीकृष्ण, राधे श्याम खाटू श्याम, राधे राधे की जयघोष के साथ कलकत्ता से आए गायक एवं गायिका द्वारा श्याम महोत्सव के अवसर पर एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुती की। इस दौरान सैकड़ो श्रोताओं व श्रद्धालुओ ने भी भक्तिमय माहौल में आनन्दित हो जमकर थिरकते नजर आए थे। सुबह बेला में मारवाड़ी ठकुड़बारी परिसर से खांटू श्याम महोत्सव के अंतिम दिन भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गयी थी। इस दौरान निशान शोभायात्रा बलाहा एवं मधुरापुर बाजार के विभिन्न मार्ग का भ्रमण कर पुनः कृष्णा विवाह भवन परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ था। कार्यक्रम के आयोजन समिति सदस्य संजू लोहिया ने बताया कि यात्रा मधुरापुर बाजार होते हुए काली मंदिर, मधुरापुर से बलाहा राजपूत टोला हनुमान मंदिर से होकर मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी बलाहा पहुंचा। मौके पर निर्मल जैन, प्रदीप जैन, श्याम जैन, लड्डू राम, आनंद बजाज, शुभम बजाज, रंजीत सुल्तानियाँ समेत बड़ी तदाद में मारवाड़ी समाज के महिला-पुरूष के साथ श्रद्धालुओ ने भाग लिया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भवानीपुर पुलिस की टीम के अलावा अन्य पुलिस बल भी मुस्तैद दिखे थे।

# 21 हजार लोगों की आबादी के बीच मार्च से मई के दौरान कालाजार से बचाव के लिए एसपी पाउडर का होगा छिड़काव

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर : जिला के तीन प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 12 गावों के 4477 घरों में रहने वाली 21893 लोगों कि आबादी के बीच मार्च से मई के 46 दिनों के दौरान कालाजार से बचाव के लिए एसपी पाउडर का छिड़काव कराया जाएगा। इसके लिए आगामी 20 और 21 मार्च को डिस्ट्रिक्ट वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल ऑफिस में फील्ड वर्कर और सुपीरियर फील्ड वर्कर के साथ बेसिक हेल्थ वर्कर और वेक्टर बोर्न डिजीज कंसल्टेंट बीबीडीएस को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस आशय कि जानकारी शनिवार को जिला वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल ऑफिसर डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं बिहार के निदेशक प्रमुख के निदेर्शानुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान जिला के जिन प्रखंडों के जिन- जिन गांवों में कालाजार के मरीज मिले हैं वहां रहने वाली कुल लक्षित आबादी के बीच कालाजार बीमारी के नियंत्रण को ले एसपी पाउडर छिड़काव के प्रथम चक्र में मार्च से मई के 46 दिनों के दौरान छिड़काव कराया जायेगा । इसको लेकर 20 और 21 मार्च को सुपीरियर फील्ड वर्कर, फील्ड वर्कर सहित अन्य कर्मियों को प्रशिक्षित करते हुए उन्हें एसपी पाउडर के छिड़काव से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी दी जाएगी। जिला के वेक्टर डिजीज कंट्रोल ऑफिसर बीडीसीओ संजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि जिला के सदर प्रखंड, बरियारपुर और हवेली खड़गपुर प्रखंड के एक - एक छिड़काव करने वाली टीम के अलावा बेसिक हेल्थ वर्कर और वीबीडीएस को 20 और 21 मार्च को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि सदर प्रखंड मुंगेर में 2021 में 0, 2022 में 5 और 2023 में 1 कालाजार का मरीज मिला था। इसी तरह बरियारपुर प्रखंड में 2021 में 4, 2022 में 3 और 2023 में 0 कालाजार का मरीज मिला था। हवेली खड़गपुर में 2021 में 0, 2022 में 2 और 2023 में 0 कालाजार मरीज मिला था। इस प्रकार से देखा जाए तो पिछले वर्ष सदर प्रखंड में एक मात्र कालाजार मरीज मिला था । इस वर्ष 2024 में अभी तक कहीं भी कालाजार का मरीज नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 4 गावों के 1218 घरों में रहने वाली 5752 लोगों कि आबादी के बीच मार्च से मई के 20 दिनों के दौरान एसपी का छिड़काव कराया जाएगा। इसी तरह बरियारपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 6 गावों के 2955 घरों में रहने वाली 14825 लोगों कि आबादी के बीच मार्च से मई के 46 दिनों के दौरान एसपी पाउडर का छिड़काव कराया जाएगा। हवेली खड़गपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दो गांवों के 304 घरों में रहने वाली 1316 लोगों कि आबादी के बीच मार्च से मई के 06 दिनों के दौरान एसपी पाउडर का छिड़काव कराया जाएगा।

# आचार संहिता नियम सभी को पालन करना होगा अनिवार्य : डीएम

● चुनावी तारीख की घोषणा के साथ अधिसूचना जारी को लेकर की प्रेसवाता

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर पूरे देश में आज से आचार संहिता लागू हो गया है, जिसको लेकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए हम लोग कटिबंध हैं, और विभाग के सभी पदाधिकारी को भी इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वही पूरे देश में आज से आचार संहिता अधिनियम के तहत कानून लागू हो गया है। वहीं 19 अप्रैल से लोकसभा चुनाव 2024 का पहला चरण शुरू हो जाएगा। वही भागलपुर लोकसभा में आगामी 26 अप्रैल को दूसरे चरण में चुनाव होना सुनिश्चित हुआ है, इसको लेकर 144 धारा लागू हो गई है, अब किसी भी जगह पर पांच लोगों से अधिक लोग अगर इकट्ठा होते हैं तो उसके लिए लिखित आदेश लेना होगा, साथ ही किसी भी वाहन में अगर राजनीतिक दल के पोस्टर सटे होते हैं तो उसके लिए भी आदेश लेना होगा, साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक सभा करने से पहले आदेश ले और एक जगह दो राजनीतिक दल इकट्ठा ना हो और ना ही कोई आम सभा करें। वहीं उन्होंने कड़े शब्दों में यह भी निर्देश देते हुए बताया कि किसी भी हालत में धर्म जाति मजहब के आड़ में मंदिर, मस्जिद व गुरुद्वारा गिरजाघर में राजनीतिक सभा नहीं होगी, शहर के सरकारी जगह पर राजनीतिक दल के होर्डिंग को भी हटा दिया गया है। वही उन्होंने कहा अगर किसी निजी घरों में भी राजनीतिक पोस्ट लगते हैं, तो उसके लिए मकान मालिक से उनके जमीन का कागज जमा करना होगा साथ ही उन्होंने कहा अगर हवाई सेवा से राजनीतिक दल के नेता सभा को संबोधित करने आते हैं तो उसके लिए लिखित आदेश लेना अनिवार्य है। कानूनी तौर पर 144 धारा अधिनियम के तहत, आचार संहिता के तहत सभी नियमों का पालन करने के लिए जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों व आम जनों को प्रेसवार्ता के माध्यम से संबोधित किया है।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया भव्य आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो।

नवगछिया (भागलपुर)। लोकसभा आम निर्वाचन 2024, को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत टीएनबी महाविद्यालय नारायणपुर के प्रांगण में एनएसएस के छात्रों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्र छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता संबंधी शपथ दिलाई गई। इस दौरान उनके साथ साथ छात्रों ने प्रण लिया कि वो अपने आसपास के क्षेत्र में सगे संबंधियों के साथ साथ अन्य लोगों को भी मतदान के संदर्भ में जागरूक करते रहेंगे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो./डॉ. एसएन पांडे के द्वारा स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस मुहिम को गति देने और अपना सम्पूर्ण योगदान देने की बात पर जोड़ देने को कही। वही शपथ कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार ने की। शपथ कार्यक्रम के बाद एनएसएस कार्यालय में स्वयंसेवकों द्वारा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. चंदन कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई और संचालन डॉ. स्वेता पाठक ने की। वही प्रतियोगिता क्रम में महाविद्यालय के आठ स्वयंसेवकों ने भाग लिया। जिस में बेस्ट 3 स्वयं सेवक का चुनाव किया गया था। इस मौके पर दीपू, राधिका, सीमा, दीपक, प्रतीक, मोनिका, आनंद, प्रियदर्शिनी आदि स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दर्जनों भूमिहीन परिवार मिलने पहुंचे एसडीओ कार्यालय

● पुनर्वास को लेकर पर्चा निर्गत के बावजूद भी जमीन मुहैया करा नहीं बसाया

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। झुग्गी झोपड़ी संघर्ष समिति के नेतृत्व में 65 भूमिहीन परिवार जिला अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार से मिलने पहुंचे। इस दौरान दर्जनों भूमि परिवारों का कहना है कि विगत वर्ष 13 दिसंबर को 65 भूमिहीन विस्थापित परिवार के बीच पुनर्वास हेतू अंचल अधिकारी के द्वारा प्रचार निर्गत किया गया था, परंतु आज तक 65 भूमिहीन विस्थापित परिवार के लोगों को जमीन मुहैया कराने के साथ बसाया नही गया है। जब हम विस्थापित परिवार इस मामले को लेकर संबंधित जगदीशपुर अंचल अधिकारी को कहते हैं तो उनके द्वारा आए दिन टाल मटोल की रवैया अपनाने की स्थिति में समय काटते नजर आते हैं। वही उन्होंने कहा कि अपनी समस्या को लेकर हम लोग सदर एसडीओ से शिकायत करने पहुंचे हैं। आपको बता दे की सालो पहले बिहार सरकार के तरफ से भूमिहीन परिवारों को बसाने की दिशा में जमीन मुहैया कराने के साथ उन्होंने बसाये जाने की कवायत लगातार की जा रही है। उसके बावजूद भी निचले स्तर के पदाधिकारी द्वारा आए दिन उक्त मामले को लेकर टाल मटोल रवैया अपनाने के साथ गरीब दलित परिवार को चक्कर काटने को विबस करते हैं। वही भूमिहीन परिवारों ने सख्त चेतावनी के साथ कहा है कि हम लोगों को रहने के लिए घर नहीं है, हम लोग अपने परिवार के साथ इधर-उधर रहने को विबस हैं। सरकार के तरफ से हम लोगों को बसाने के लिए बात कही गई थी। यहां तक जिला प्रशासन के तरफ से पर्चा भी निर्गत किया गया था, लेकिन अब तक हम लोगों को बसाया नहीं गया है हम लोगों का धैर्य टूटता जा रहा है, जिला प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द हम परिवार को जमीन उपलब्ध कराने के साथ बसाने की पहल पर जोड़ दिया जाय, जिससे विकसित समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

# दिव्यांगजन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रखंड के बुनियादी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। लोकतंत्र का महापर्व चुनाव को लेकर सरकार के द्वारा मतदाता को जागरूक करने के उद्देश्य कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में लोकसभा के मद्देनजर दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रखंड मुख्यालय के बुनियाद केंद्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिव्यांग मतदाता सुविधा कोषांग एवं जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिव्यांग मतदाता सुविधा कोषांग मुंगेर के नोडल पदाधिकारी भुवन कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की मतदान आपका मौलिक अधिकार है। निर्वाचन आयोग के द्वारा दिव्यांग मतदाता की सुविधा के लिए मतदान केंद्र पर कई प्रकार की सुविधा मुहैया कराई गई है। मतदान केंद्र पर रेम्प तथा व्हील चेयर की व्यस्था की गई है ताकि दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता आसानी से अपने मत का प्रयोग कर सकें। उन्होंने लोगों को देव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए बनाये गए सक्षम एप्प के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया की इस एप्प के द्वारा अपने मतदान केंद्र सहित सारी चीजों की जानकारी ले सकते हैं। कार्यक्रम में मौजूद प्रखंड विकाश पदाधिकारी अजेश कुमार ने चुनाव को अपना हक बताते हुए कहा की आप अपने एक मत से अच्छी सरकार का चयन कर सकते हैं।इस मौके पर उन्होंने कहा की आप कोशिश करें की मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मत का प्रयोग करें। अगर आप पूरी तरह से लाचार हैं तो निर्वाचन आयोग के द्वारा आपके घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। कार्यक्रम के समापन के पहले जिला प्रबंधक बुनियाद केंद्र मुंगेर के अलंकार कुमार ने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# स्वमसेवक व छात्राओं को दिलाई शपत : एनएसएस

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024, को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत बी एन कॉलेज भागलपुर के प्रांगण में एनएसएस इकाई ने मतदान की पवित्रता स्वच्छता एवं अधिकतम भागीदारी को सुनिश्चित करने लक्ष्य के मद्देनजर छात्र व छात्राओं को सशक्त मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।

# निर्वाचन की तैयारी को ले राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई सम्पन्न : डीएम



● 48 घंटे के अंदर पोस्टर, बैनर हटाने के दिए गए निर्देश

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए प्रेस नोट जारी होते ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों के साथ उनके कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की। इस दौरान क्षेत्र के राजनीतिक दलों के सभी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रेसनोट जारी होते हैं लेकिन भागलपुर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है, इसलिए 48 घंटे के अंदर सभी पोस्टर बैनर हटा लिए जाएं, अन्यथा 48 घंटे के उपरांत किसी भी पार्टी का पोस्टर, बैनर पाए जाने पर प्राथमिक दर्ज कराते हुए उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि 26 भागलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन द्वितीय चरण में निर्धारित है, जिसके अनुसार आगामी 28 मार्च 2024 को नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा, उक्त दिन से निर्वाचन हेतू नामांकन प्रारंभ हो जाएगा। नामांकन के लिए अंतिम तिथि आगामी 4 अप्रैल तक निर्धारित है। वही आगामी 5 अप्रैल को संवीक्षा की जाएगी जबकि आगामी 8 अप्रैल को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। वहीं आगामी 26 अप्रैल को क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराया जाएगा और आगामी 4 जून को मतगणना कराई जाएगी।

### वीडियो वैन की अनुमति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

प्रात : किरण ब्यूरो।

मोटरसाइकिल पर एक गुना एक लगभग दो फीट का एक झंडा अनुमान्य है, झंडे के डंडे की लंबाई 3 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। वही रोड शो में 10 वाहनों के काफिला के बाद 5- 5 वाहन रहेंगे, लेकिन उनके बीच सौ मीटर की दूरी बरकरार रखनी होगी। साथ ही रोड शो में वाहन पर कोई बैनर प्रयुक्त नहीं हो सकता है, और अस्थाई कार्यालय पर अधिकतम 4 फिट ७ 8 फीट का बैनर हो सकता है। हेल्ड बैनर का प्रयोग किया जा सकता है। मतदान केंद्र के 2 सौ मीटर की परिधि में किसी पार्टी का अस्थाई व स्थाई कार्यालय नहीं होगा। मतदान समाप्त होने के समय से 48 घंटे पूर्व प्रचार प्रसार की समाप्ति हो जायेगी, चुनावी सभा स्थल के लिए स्कूल व कॉलेज या संस्थान प्रबंधन से इस संबंध में कोई आपत्ति न होने संबंधी एनओसी देना अनिवार्य होगा। जिसके लिए फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्विसेड बेसिस पर अनुमति दी जायेगी।

# प्रेसिडेंट कलाम मेमोरियल स्कूल का पांचवा स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया



प्रात : किरण ब्यूरो।

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड क्षेत्र के मौजमपुर में स्थित प्रेसिडेंट कलाम मेमोरियल स्कूल का पांचवा स्थापना दिवस रविवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार सिंह, गणेली पंचायत के मुखिया चांदनी कुमारी एवं रामपुर पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि अभिराम चौधरी के द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। स्कूल के छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम भाषण एकल नृत्य सामूहिक नृत्य देश भक्ति गीत इत्यादि के प्रदर्शन से कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक एवं दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। कक्षा 08 के छात्र देवराज सिंह के छात्र जीवन पर दिए गए भाषण एवं चिन्मय के द्वारा अनुशासन के महत्व पर दिए गए भाषण को लोगों ने खूब सराहा ।बच्चों के द्वारा प्रस्तुत सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव के लघु नाटक को भी ने खूब सराहा। छात्र एवं छात्राओं के द्वारा ऐसन आपन बा बिहार पर की गई सामूहिक प्रस्तुति एवं कृष्ण राधा सहित गोपियों के नृत्य का बखूबी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 09 के छात्र युवराज सिंह को स्टूडेंट ऑफ द ईयर एवं शिव आनंद भारती को बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से नवाजा गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रशासक चिंतामणि चिरंजीवी अमित चंद्रा शिक्षक राजहंस दिव्या कुमारी रचना कुमारी पूजा कुमारी बबीता देवी तृप्ति सिंह, अनुराधा कुमारी सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे

